## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, मेरठ की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, मेरठ की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरुप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक **दिनांक 04.08.2022** को जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिला विकास अधिकारी, मेरठ | –सदस्य |
| 2. | प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, मेरठ | –सदस्य |
| 3. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मेरठ | –सदस्य |
| 4. | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मेरठ | –सदस्य |
| 5. | अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मेरठ | –सदस्य |
| 6. | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, मेरठ | –सदस्य |
| 7. | निदेशक, नीर फाउण्डेशन, मेरठ | –सदस्य |
| 8. | जिला पंचायत राज अधिकारी, मेरठ | –सदस्य |
| 9. | समन्वयक, जिला विज्ञान क्लब, मेरठ | –सदस्य |
| 10. | जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, मेरठ | –सदस्य |
| 11. | अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), मेरठ | –सदस्य (सचिव) |

<u>पिछली बैठक की पुष्टिः–</u>

उपस्थित सदस्यों द्वारा पिछली सम्पन्न बैठक की पुष्टि की गयी।

डी0पी0आर0 विरचनः–

श्री अकांशु सिंह, अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, लखनऊ के शासनादेश संख्या 51 /2021 / 1883 / छिहत्तर–1–2021–25सम / 2019 दिनांक 06.08.2021, शासनादेश संख्या 2729/2021/2650/छिहत्तर–1–2021 दिनांक 28.09.2021 एवं शासनादेश संख्या 53/2021/2774/छिहत्तर–1–2021 दिनांक 05.10.2021 द्वारा निर्गत गाइड लाइन्स के अनुसार 29 नग योजनाओं की डी0पी0आर0 तैयार कर नामित फर्म द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं, जो शासनादेश द्वारा जारी गाइड लाइन्स के अनुसार अर्ह पायी गयी है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी, 12.50 प्रतिशत विभागीय सेन्टेज तथा 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार 12.50 प्रतिशत सेन्टेज के व्यय का प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष के Operation and Maintenance हेतु व्यय का भी प्राविधान किया गया है।

शासनादेश संख्या 51 /2021/1883/ छिहत्तर–1–2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, दिनांक 06.08.2021 के अनुसार रु0 5.00 करोड से कम लागत की योजनाओं की स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एवं रु0 5.00 करोड से अधिक लागत की योजनाओं की स्वीकृति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा प्रदान की जानी हैं। वर्तमान में प्राप्त **22 नग विस्तृत प्राक्कलन रु0 5.00 करोड़ से कम लागत के हैं, जिनका तकनीकी अनुमोदन मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त विस्तृत प्राक्कलन की जाँच मै0 मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0 लि0 (डी0पी0एम0यू0) स्तर से भी कराई गई, जिसमें उक्त प्राक्कलन अर्ह पाये गयें है। उक्त 22 नग विस्तृत प्राक्कलनों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जिला**

पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मेरठ द्वारा प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। स्वीकृत 22 नग डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

05 करोड़ से कम लागत:–

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख में) | सेन्टेज (लाख में) | कुल लागत (लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु0) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जानी | ढिंढाला | 1 | 527 | 260.36 | 27.58 | 287.94 | 6171 | फेज़–3 |
| 2 | जानी | रावा | 1 | 500 | 245.76 | 26.03 | 271.79 | 5972 | फेज़–3 |
| 3 | रजपुरा | मामीपुर | 1 | 529 | 263.81 | 27.95 | 291.76 | 6323 | फेज़–3 |
| 4 | खरखौदा | नंगलापातू एवं खानपुर | 2 | 421 | 267.23 | 28.31 | 295.54 | 6325 | फेज़–3 |
| 5 | दौराला | मछरी | 1 | 516 | 241.32 | 25.56 | 266.89 | 5816 | फेज़–2 |
| 6 | दौराला | मैथना इंद्रसिंह | 1 | 783 | 345.73 | 36.62 | 382.36 | 5475 | फेज़–2 |
| 7 | दौराला | मीठेपुर | 1 | 604 | 274.70 | 29.10 | 303.80 | 5094 | फेज़–2 |
| 8 | दौराला | अन्दावली एवं बेहटा | 2 | 459 | 277.54 | 29.40 | 306.94 | 6332 | फेज़–3 |
| 9 | दौराला | गेसुपुर बफावत | 1 | 497 | 240.79 | 25.51 | 266.30 | 6098 | फेज़–3 |
| 10 | दौराला | अखत्यारपुर | 1 | 426 | 205.33 | 21.75 | 227.08 | 6381 | फेज़–2 |
| 11 | सरधना | रूहासा | 1 | 1103 | 426.49 | 45.18 | 471.67 | 4380 | फेज़–2 |
| 12 | सरधना | शाहपुर ज़दीद एवं मामूरी | 2 | 508 | 270.94 | 28.70 | 299.65 | 6393 | फेज़–2 |
| 13 | सरधना | टहरकी | 1 | 764 | 399.93 | 42.37 | 442.29 | 5114 | फेज़–2 |
| 14 | सरधना | जसरथपुर, कनोड़ा एवं जमालपुर गोमा | 3 | 591 | 307.05 | 32.53 | 339.57 | 6163 | फेज़–3 |
| 15 | सरधना | आलमगीरपुर फरीदपुर एवं राजपुर मोमन | 2 | 418 | 228.24 | 24.18 | 252.41 | 6315 | फेज़–3 |
| 16 | मवाना | बहजादका एवं पिलौना | 2 | 685 | 334.08 | 35.39 | 369.47 | 6096 | फेज़–2 |
| 17 | मवाना | गगसौना एवं नागौरी | 2 | 833 | 394.30 | 41.77 | 436.07 | 5985 | फेज़–3 |
| 18 | माछरा | मेघराजपुर | 1 | 489 | 235.69 | 24.97 | 260.66 | 6356 | फेज़–2 |
| 19 | माछरा | शहजादपुर एवं लालपुर | 2 | 463 | 253.41 | 26.84 | 280.25 | 6393 | फेज़–3 |
| 20 | माछरा | मानपुर एवं शाहकुलीपुर | 2 | 758 | 348.13 | 36.88 | 385.01 | 638[illegible] | फेज़–3 |
| 21 | परीक्षितगढ़ | अमरसिंहपुर | 1 | 527 | 262.72 | 27.83 | 290.55 | 6369 | फेज़–3 |
| 22 | हस्तिनापुर | गजरौली, नंगली खादर, बामनौली, एदलपुर एवं झड़का | 5 | 765 | 406.84 | 43.06 | 449.54 | 6388 | फेज़–3 |

शासनादेश संख्या 10/ 2021/ 948/ छिहत्तर–1–2021–25 सा०/2019 दिनांक 19.03.2021 के अनुसार 05 करोड़ से अधिक लागत की डी०पी०आर० की वैटिंग आई०आई०टी०/एन०आई०ई०टी०/राजकीय विश्वविद्यालय से कराने के उपरान्त तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उक्त के क्रम में 05 करोड़ से अधिक लागत की डी०पी०आर० की वैटिंग फर्म द्वारा आई०आई०टी० बी०एच०यू० से कराने के उपरान्त तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र), उ० प्र० जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान की गयी है। उल्लेखनीय है कि उक्त विस्तृत प्राक्कलनों की जाँच मै० मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट प्रा० लि० (डी०पी०एम०यू०) स्तर से भी कराई गई, जिसमें उक्त प्राक्कलन अर्ह पाये गयें हैं। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मेरठ द्वारा उक्त 07 नग विस्तृत प्राक्कलनों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु संस्तुति प्रदान कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित करने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मेरठ द्वारा निर्णय लिया गया। तदोपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु इन्हें राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित किया जाना है। 07 नग डी०पी०आर० का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:–

05 करोड़ से अधिक लागत:–

| क्र० सं० | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख में) | सेन्टेज (लाख में) | कुल लागत (लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु०) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जानी | जानी खुर्द एवं भूपगढ़ी | 2 | 1708 | 654.34 | 69.32 | 723.65 | 4409 | जानी खुर्द (फेज़–2) एवं भूपगढ़ी (फेज़–3) |
| 2 | जानी | कुराली | 1 | 1296 | 543.31 | 57.55 | 600.86 | 4411 | |
| 3 | रोहटा | रसूलपुर रोहटा | 1 | 1996 | 911.63 | 96.57 | 1008.20 | 6042 | फेज़–2 |
| 4 | दौराला | महलका | 1 | 1205 | 486.79 | 51.57 | 538.36 | 5000 | फेज़–2 |
| 5 | सरधना | कैली | 1 | 1395 | 499.64 | 52.93 | 552.57 | 3855 | फेज़–2 |
| 6 | मवाना | नगली इस्सा एवं बना | 2 | 1065 | 479.81 | 50.83 | 530.63 | 5034 | फेज़–3<br>नगली इस्सा (फेज़–2) एवं बना (फेज़–3) |
| 7 | मवाना | सनौता, पिनई एवं कुण्डा | 3 | 1132 | 499.94 | 52.96 | 552.90 | 4411 | फेज़–3 |

जल जीवन मिशन फेज़–2 एवं फेज़–3 के अन्तर्गत फर्म द्वारा प्रस्तुत डी०पी०आर० एवं डी०पी०आर० में सम्मिलित ग्राम का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र०सं० | जनपद का नाम | जल जीवन मिशन | डी०पी०आर० की संख्या | डी०पी०आर० में सम्मिलित ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेरठ | फेज़–2 | 14 | 16 |
| 2 | मेरठ | फेज़–3 | 15 | 31 |
| | | कुल | 29 | 47 |

**भूमि उपलब्धता :–**

खण्ड स्तर से सम्बन्धित सहायक अभियन्ताओं, जूनियर इंजीनियर एवं मै0 पावर मैक प्रोजेक्ट्स भूरत्नम कन्स्ट्रक्शनस (जे0वी0), के प्रतिनिधियों द्वारा सम्बन्धित तहसीलों (मेरठ, मवाना एवं सरधना) में भूमि उपलब्धता के सन्दर्भ में राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों से नियमित सम्पर्क किया जा रहा हैं। योजनाओं के निर्माण हेतु भूमि आवंटन का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | तहसील | प्रस्तावित कुल नये ग्राम | प्रस्तावित पुनर्गठन ग्राम | कुल प्रस्तावित ग्राम | कुल प्रस्तावित ग्रामों के सापेक्ष उपलब्ध भूमि | डी0पी0 आर0 में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | एस0एल0 एस0एस0 सी0 से स्वीकृत ग्रामों की संख्या | कवर एग्रीमेन्ट | एस0एल0एस 0एस0सी0 से स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष विवादित स्थल | प्रस्तावित ग्रामों के सापेक्ष अनुपलब्ध भूमि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 (3+4) | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 (5–6) |
| 1 | मेरठ | 141 | 11 | 152 | 107 | 84 | 68 | 46 | 11 | 45 |
| 2 | सरधना | 89 | 16 | 105 | 83 | 71 | 41 | 19 | 7 | 22 |
| 3 | मवाना | 242 | 6 | 248 | 119 | 83 | 56 | 21 | 2 | 129 |
| | कुल | 472 | 33 | 505 | 309 | 238 | 165 | 86 | 20 | 196 |

अप्राप्त भूमि वाले ग्रामों हेतु खण्ड स्तर से निकटतम ग्रामों की सूची सम्बन्धित तहसील एवं नामित फर्म को उपलब्ध करायी गयी है। उपरोक्त निकटतम ग्रामों में भूमि आवंटन/चिन्हांकन की कार्यवाही के उपरान्त जिन ग्रामों में भूमि अनुपलब्ध है, उन ग्रामों को बहुल ग्राम पेयजल योजना के माध्यम से जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत **"हर घर जल"** से लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। समिति द्वारा उक्त विषयक आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**कार्य की प्रगतिः–**

फर्म द्वारा वर्तमान में 119 नग ग्रामों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

| जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चयनित | | स्वीकृत विस्तृत प्राक्कलन के अनुसार आवश्यक पाइप (कि0मी0) | फर्म उपलब्ध करायी गई पाइप (कि0मी0) | बिछायी गई वितरण प्रणाली (कि0मी0) | अवर जलाशय की प्रगति | नलकूप की प्रगति | स्वीकृत विस्तृत प्राक्कलन के अनुसार FHTC का लक्ष्य | FHTC की प्रगति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 412 | 505 | 1125.80 | 674.85 | 404.74 | 86 | 94 | 91983 | 32584 | 95 नग योजनाओं कार्य प्रारम्भ। |

फर्म स्तर से कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का अनुश्रवण टी0पी0आई0 द्वारा किया जा रहा है। **जनपद मेरठ में टी0पी0आई0 के रूप में मै0 आरवी एसोसिएट** कार्यरत हैं। साथ ही जनपद मेरठ में District Project Monitoring Unit (डी0पी0एम0यू0) के रूप में **मै0 मेघज टैक्नो कॉन्सेप्ट लि0** कार्यरत है।

वन विभाग द्वारा अपेक्षित अनापत्तिः–

जनपद मेरठ के विकास खण्ड हस्तिनापुर में फेज़–2 के अन्तर्गत निर्माणाधीन 04 ग्रामों क्रमशः 1.तारापुर, 2.कुन्हैडा, 3.शाहपुर बटावली, 4.अकबरपुर गढ़ी मे पाइप पेयजल योजनाओं के कार्य कराये जा रहे थे, जिनको वन विभाग के कार्मिकों द्वारा रूकवा दिये गये हैं।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में मै0 पावर मैक प्रोजेक्टस भूरतनम कन्स्ट्रक्शन (जे0वी0) को इस कार्यालय के पत्रांक 672/पेय0–71/374 दिनांक 28.05.2022 द्वारा निर्देशित किया गया कि संदर्भित ग्रामों में योजनाओं के निर्माण के लिए उक्तानुसार भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने हेतु अपने स्तर से कार्यवाही करें, जिसके अनुपालन में संज्ञानार्थ है कि **फर्म स्तर से संदर्भित 04 ग्रामों में अनापत्ति हेतु Consultant का चयन किया गया है, जिनके द्वारा आवेदन कर दिया गया है।** समिति द्वारा उक्त का अवलोकन किया गया।

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा बैठक का समापन किया गया।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

अधिशासी अभियन्ता जल निगम
सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मेरठ

04.8.22
B.S.A

4/8/22
CMO

04/08/22
AG.UPGWD

04.08.2022
RE0